उत्तर प्रदेश के 74 ज़िलों में खुलेंगे क्रिटिकल केयर यूनिट

चर्चा में क्यों?

26 जुलाई, 2023 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया की उपस्थिति में बताया कि प्रदेश में 'एक जनपद, एक मेडिकल कॉलेज' का संकल्प पूरा करने की दिशा में 74 ज़िलों में क्रिटिकल यूनिट स्थापित की जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि प्रदेश में 45 ज़िलों में सरकारी मेडिकल कॉलेज क्रियाशील हैं। जल्द ही प्रदेश के 13 ज़िलों में मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ होने वाला है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि कम्युनिटी हेल्थ सेंटर को और मजबूत करने की ज़रूरत है। हर मेडिकल कॉलेज को न्यूनतम पाँच कम्युनिटी हेल्थ सेंटर को गोद लेना चाहिये। वहाँ नियमित अंतराल पर डॉक्टरों को विजिट करना चाहिये और सेंटर के डॉक्टरों का मार्गदर्शन करना चाहिये।
- प्रधानमंत्री आयुष्मान हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर योजना के तहत प्रत्येक ज़िले में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिये ज़िला स्तरीय अस्पताल या मेडिकल कॉलेज में 100 या 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक की स्थापना की जाएगी।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि तमिलनाडु ऐसा राज्य है, जहाँ एक दिन में 11 मेडिकल कॉलेज लोकार्पित हुए थे। अब 13 मेडिकल कॉलेजों के लोकार्पण के साथ उत्तर प्रदेश नया रिकॉर्ड बनाएगा।
- ज्ञातव्य है कि आजादी के बाद अब तक प्रदेश में राजकीय क्षेत्र में मात्र पाँच बीएससी नर्सिंग कॉलेज संचालित थे। वर्ष 2021-22 में सात तथा 2022-23 में 11 नए राजकीय नर्सिंग कॉलेज संचालित किये गए।
- भारत सरकार के सहयोग से यहाँ अतिशीघ्र 27 नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना होने जा रही है। इससे प्रदेश के नर्सिंग और पैरामेडिकल सेक्टर में कैरियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिये बड़ा अवसर सृजित होगा।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार सितंबर से 'आयुष्मान भव:' अभियान प्रारंभ कर रही है। इसके तहत 'आपके द्वार आयुष्मान 3.0' कार्यक्रम होगा।
- कार्यक्रम में घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। गांवों, नगरों और स्कूलों में 'आयुष्मान सभा' के आयोजन होंगे। इस प्रकार जो गांव पूरी तरह संतृप्त हो जाएगा, उसे 'आयुष्मान ग्राम' घोषित किया जाएगा।
- प्रस्तावित 'आयुष्मान भव:' अभियान की सफलता के लिये राज्य में सभी जरूरी प्रयास करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश सर्वाधिक 'आयुष्मान ग्राम' वाला राज्य होगा।
- आयुष्मान भारत के तहत अब उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सत्यापित कर उपलब्ध कराये गए डाटा के आधार पर भी लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जाएगा। राज्य सरकार जिन परिवारों को सत्यापित कर डाटा उपलब्ध कराएगी, सभी को आयुष्मान भारत कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा।
- केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने कहा कि चंदौली में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना के लिये भारत सरकार ने 16.81 करोड़ रुपए स्वीकृत किये हैं। वहीं वाराणसी में श्री शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय व ज़िला चिकित्सालय में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल स्थापित करने के लिये 215.62 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गए हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/critical-care-units-will-open-in-74-districts-of-uttar-pradesh